पंजाब के उद्योगपतियों को भी आमंत्रण

घरेलू रोड शो में अब लुधियाना व चंडीगढ़ भी जाएगी 'टीम योगी'

राज्य ब्यूरो, लखनऊ : ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के लिए विदेश में मिले शानदार नतीजों के बाद अब प्रदेश के मंत्रियों का समूह पांच जनवरी से 27 जनवरी तक देश के बड़े शहरों में निवेशकों को आमंत्रित करने जा रहा है। दिल्ली, मुंबई, अहमदाबाद, चेन्नई, कोलकाता, बेंगलुरु और हैदराबाद के साथ-साथ टीम योगी पंजाब के लुधियाना व चंडीगढ़ में भी उद्योग जगत के प्रतिनिधियों से भेंट कर निवेश का आमंत्रण देगी। रोड शो के लिए मंत्रियों की नई टीम गठित की गई है, इसमें कैबिनेट मंत्रियों के अलावा राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार व राज्य मंत्री शामिल हैं।

मंत्रियों के सहयोग के लिए वरिष्ठ अधिकारियों का दल इनके साथ होगा। कोलकाता का दौरा जो कि पहले 16 जनवरी को प्रस्तावित था, अब 17 जनवरी को होगा। घरेलू रोड शो का समापन पंजाब के चंडीगढ़ एवं लुधियाना में 27 जनवरी को होगा। पांच जनवरी को मुंबई में रोड शो होगा।

इसमें टाटा समूह, रिलायंस इंडस्ट्रीज, महिंद्रा, गोदरेज, आदित्य बिरला समूह, बाम्बे डाइंग, ब्रिटानिया, जेएसडब्ल्यू ग्रुप और एशियन पेंट्स समूह के अलावा बैंकिग सेक्टर एवं फिल्म जगत की हस्तियों से भेंट संभावित है।

- पांच से 27 जनवरी तक देश के अनेक शहरों में होगा रोड शो

घरेलू रोड शो का कार्यक्रम

मुंबई- पांच जनवरी

चेन्नई- नौ जनवरी

नई दिल्ली-13 जनवरी

कोलकाता-17 जनवरी

हैदराबाद-18 जनवरी

अहमदाबाद-20 जनवरी

बेंगलुरु- 23 जनवरी

लुधियाना/चंडीगढ- 27 जनवरी।

इसके अलावा अन्य शहरों में अडानी ग्रुप, हिताची, हीरानंदानी ग्रुप, नेस्ले, कोकाकोला, मारुति सुजुकी, अशोका लेलैंड, गोयनका ग्रुप, ओसवाल इंडस्ट्रीज आदि बड़े औद्योगिक समूहों, कंपनियों से वार्ता हो सकती है।

प्रदेश की महत्वपूर्ण खबरें
www.jagran.com पर पढ़ें

इनवेस्टर्स समिट में राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री सहित दस हजार मेहमान

जासं, लखनऊ : 10 से 12 फरवरी के बीच लखनऊ में होने जा रही ग्लोबल इनवेस्टर्स समिट में देश और दुनिया की कई बड़ी हस्तियां शामिल होंगी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के अलावा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व उनकी कैबिनेट के कई वरिष्ठ मंत्री भी समिट में भाग लेंगे। दुनिया के 20 देशों से करीब 10 हजार मेहमान समिट में भाग लेने के लिए आ रहे हैं। उत्तर प्रदेश सरकार ग्लोबल इनवेस्टर्स समिट के जरिए दुनिया भर के निवेशकों को आमंत्रित कर रही है। मंत्रियों और अफसरों के विदेश दौरों का यह असर रहा कि अब तक 15 लाख करोड़ से अधिक के निवेश के प्रस्ताव आ चुके हैं। जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार के मुताबिक ग्लोबल इनवेस्टर्स समिट का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी करेंगे। इस दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी मौजूद रहेंगे। दूसरे दिन 11 फरवरी को रक्षा मंत्री के अलावा गृहमंत्री अमित शाह और 12 फरवरी को समापन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु करेंगी। इतनी अधिक संख्या में मेहमानों की मेहमान नवाजी के लिए बड़े पैमाने पर इंतजाम किए जा रहे हैं। शहर के जितने भी प्रमुख होटल हैं उनके कमरों को पहले ही आरक्षित कर दिया गया है।